Literacy for a Billion

Movie: Do Raste
Year: 1970

Song: Bindiya Chamkegi
Lyricist: Anand Bakshi

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी
बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी
तेरी नींद उड़े ते
उड़ जाए

कजरा बहकेगा
गजरा महकेगा
कजरा बहकेगा
गजरा महकेगा
माही रुसदा ए ते
रुस जाए

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी

मैंने माना हुआ तू दीवाना
जुलम तेरे साथ हुआ
मैंने माना
ओ मैंने माना हुआ तू दीवाना
जुलम तेरे साथ हुआ

मैं कहाँ ले जाऊँ
अपनी लौंग का लशकारा
इस लशकारे से
आके द्वारे से
इस लशकारे से
आके द्वारे से

चल मुड़दा ए ते
मुड़ जाए

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी

बोले कंगना
किसीका ओ सजना
जवानी पे जोर नहीं
बोले कंगना
रे बोले कंगना
किसीका ओ सजना
जवानी पे जोर नहीं
लाख मना करले दुनिया
कहते हैं मेरे घुँघरू
पायल बाजेगी
गोरी नाचेगी
पायल बाजेगी
गोरी नाचेगी
छत टुटदी ए ते
टुट जाए

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी

मैंने तुझसे मोहब्बत की है
गुलामी नहीं की बलमा
मैंने तुझसे
ए मैंने तुझसे मोहब्बत की है

PlanetRead

Literacy for a Billion

गुलामी नहीं की बलमा
दिल किसीका टूटे
चाहे कोई मुझसे रूठे
मैं तो खेलूँगी
मैं तो छेडूँगी
मैं तो खेलूँगी
मैं तो छेडूँगी
यारी टुटदी ए ते
टुट जाए

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी

हूँ ...
मेरे आँगन बरात लेके साजन

तू जिस रात आएगा
मेरे आँगन
ओ मेरे आँगन बरात लेके साजन
तू जिस रात आएगा
मैं ना बैठूँगी डोली में
कह दूँगी बाबुल से
मैं ना जाऊँगी
मैं ना जाऊँगी
ओ मैं ना जाऊँगी
मैं ना जाऊँगी
गड्डी टुरदी ए ते
टुर जाए

बिंदिया चमकेगी
चूड़ी खनकेगी

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.